मेट्रो स्टेशन पर प्लेटफार्म स्क्रीन डोर

3 महीने से ट्रायल, फिर भी गेट की टाइमिंग फिक्स नहीं

■ वरिष्ठ संवाददाता, नोएडा

नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच चलने वाली एक्वा लाइन मेट्रो को शुरू हुए तीन महीने से ज्यादा समय हो चुका है। इसके बावजूद स्टेशनों पर लगाए गए प्लेटफार्म स्क्रीन डोर मेट्रो के हिसाब से नहीं खुल रहे हैं। स्टेशन पर मेट्रो के पहुंचने और प्लेटफार्म डोर खुलने की परफेक्ट टाइमिंग नहीं हो रही है। इस वजह से ये गेट बंद रखे जा रहे हैं। एनएमआरसी के अधिकारियों का कहना है कि प्लेटफार्म डोर का ट्रायल अंतिम चरण में है। जल्द ही दोनों गेटों की टाइमिंग सेट हो जाएगी।

एनबीटी की टीम ने ट्रायल के दौरान 23 जनवरी को सेक्टर-51 से सेक्टर-108 तक मेट्रो में सफर किया था। उस दौरान भी जिन स्टेशनों पर प्लेटफार्म गेट लगाए गए थे वे मेट्रो के हिसाब से अलग-अलग खुल रहे थे। इसके बाद से इन्हें ठीक करने के लिए सॉफ्टवेयर अपडेट करने का काम चल रहा है मगर अब तक यह पूरा नहीं हो पाया है।

स्टेशन पर मेट्रो आने के साथ नहीं खुल रहा प्लेटफार्म डोर

सॉफ्टवेयर में समस्या

एनएमआरसी ने सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन पर प्लेटफार्म गेट लगवाए हैं मगर अब तक इनका इस्तेमाल शुरू नहीं हो पाया है। बताया जाता है कि सॉफ्टवेयर में समस्या होने की वजह से मेट्रो और प्लेटफार्म गेट की टाइमिंग एक जैसी नहीं हो पा रही है। अधिकारियों के मुताबिक ये गेट लगाने वाली कंपनी से सॉफ्टवेयर अपडेट करने के लिए कहा गया है।

डीएमआरसी की तर्ज पर लगाए थे गेट

दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन (डीएमआरसी) ने ज्यादा भीड़भाड़ वाले मेट्रो स्टेशनों पर प्लेटफार्म गेट लगाए हैं। इन स्टेशनों पर सुबह से रात तक यात्रियों की लाइन लगी रहती है। कई बार भीड़ ज्यादा होने पर यात्रियों के ट्रैक पर गिरने का खतरा रहता है। इसे ध्यान में रखते हुए इन जगहों पर ये गेट लगवाए गए। स्टेशन पर मेट्रो आकर रुकती है तो उसके गेट खुलने से पहले प्लेटफार्म गेट खुल जाते हैं। इसके उतरने-चढ़ने की आपाधापी में यात्रियों के गिरने का खतरा नहीं रहता। इनकी टाइमिंग ऐसी रखी जाती है कि मेट्रो के गेट इन गेटों के सामने खुलते हैं। इसी की तर्ज पर एनएमआरसी ने भी अपने कुछ स्टेशनों पर ये गेट लगवाए थे।

एयरपोर्ट मेट्रो के लिए डीएमआरसी ने बताया प्लान

■ एनबीटी न्यूज, ग्रेनो: जेवर में प्रस्तावित एयरपोर्ट मेट्रो के लिए मंगलवार को यमुना अथॉरिटी में डीएमआरसी ने प्रजेंटेशन दिया। इसमें मेट्रो के रूट और स्टेशनों के बारे में जानकारी दी गई। इंटरनैशनल एयरपोर्ट के लिए पहली उड़ान 2023 में प्रस्तावित है। एयरपोर्ट के बनते ही यहां पर दिल्ली-एनसीआर के शहरों से यात्रियों को लाने और ले जाने के लिए मेट्रो की जरूरत पड़ेगी। इसके लिए यहां हाई स्पीड एयरपोर्ट मेट्रो चलाने की योजना है। डीपीआर के अनुसार ग्रेनो के नॉलेज पार्क-2 से जेवर में एयरपोर्ट तक मेट्रो का 35.64 किलोमीटर लंबा रूट होगा। इस पर 25 स्टेशन बनाए जाएंगे और नॉलेज पार्क-2 से एयरपोर्ट टर्मिनल तक 27 मिनट में पहुंचा देगी।